प्रादेशिक समाचार

26.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. संविधान दिवस पर संसद में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– भारतीय संसद विश्व के कई देशों के लिए एक उदाहरण।

2. राज्य सरकार ने झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान शुल्क विनियमन अधिनियम–2025 लागू किया, मनमानी फीस वसूली पर लगेगी रोक।

3. झारखंड पुलिस सेवा के नौ सीनियर डीएसपी को आईपीएस रैंक में मिली प्रोन्नति, झारखंड पुलिस में एसपी रैंक के अधिकारियों की कमी होगी दूर।

4. झारखंड में एसआईआर को लेकर बयानबाजी तेज, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर बांग्लादेशी वोटरों का हितैषी बनने का लगाया आरोप।

5. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 30 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय क्रिकेट मैच को लेकर विराट कोहली रांची पहुंचे, शाम तक आयेंगे रोहित शर्मा।

****

राष्ट्र आज 76वां संविधान दिवस मना रहा है। इस अवसर पर संसद भवन के संविधान सदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संसद विश्व के कई देशों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने उल्लेख किया कि संविधान निर्माता यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि संविधान के माध्यम से लोगों की सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा की रक्षा हो।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान, स्वतंत्रता संग्राम में शामिल लाखों देशवासियों के सामूहिक ज्ञान, बलिदान और सपनों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संविधान की आत्मा ने सिद्ध कर दिया है कि भारत एक है और सदैव एक रहेगा। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत विश्व का जीवंत लोकतंत्र है।

मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई सांसद मौजूद रहे।

****

संविधान दिवस पर बोकारो के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कार्यक्रम में एसपी हरविंदर सिंह ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान पदाधिकारियों और पुलिस जवानों ने संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त की। मौके पर श्री सिंह ने बताया कि कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पुलिस बल में संवैधानिक दायित्वों को सशक्त करना उनका लक्ष्य है।

****

उपराजधानी दुमका में भारतीय संविधान गौरव दिवस मनाया जा रहा है। दुमका के लिए यह खास दिन है, क्योंकि संविधान निर्माण में दुमका का भी योगदान है।

****

राज्य सरकार ने व्यावसायिक शिक्षा में बढ़ती मनमानी रोकने के लिए झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान शुल्क विनियमन अधिनियम– 2025 लागू कर दिया है। राज्यपाल की सहमति के बाद विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिनियम के तहत कोई भी संस्थान एक शैक्षणिक वर्ष से अधिक की फीस अग्रिम नहीं ले सकेगा। नये कानून के तहत एक उच्चस्तरीय शुल्क विनियमन समिति गठित की जाएगी जो राज्य के सभी सरकारी और निजी उच्च शिक्षण संस्थानों की फीस तय करेगी।

****

झारखंड पुलिस सेवा के नौ सीनियर डीएसपी को आईपीएस रैंक में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग प्रोन्नति से संबंधित आदेश जल्द जारी करेगा। जानकारी के अनुसार जिन पुलिस अधिकारियों को आईपीएस रैंक में प्रोन्नति मिली है, उसमें श्रीराम समद, रोशन गुड़िया, अविनाश कुमार, राजेश कुमार, मजरूल होदा, दीपक कुमार–एक हैं। वहीं राधा किशोर, मुकेश महतो और शुवेंदु को सशर्त प्रोन्नति मिली है। इस प्रोन्नति के बाद झारखंड पुलिस में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी हो जायेगी।

****

निलंबित वरिष्ठ आइएएस अधिकारी विनय चौबे ने हजारीबाग जमीन घोटाला मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। कल एसीबी की पूछताछ में उन्होंने नक्सजेन के संचालक विनय सिंह का साथ देने और उन्हें लाभ पहुंचाने के सवालों से इनकार कर दिया। हालांकि एसीबी के अनुसार वन भूमि घोटाले में विनय चौबे के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

****

झारखंड में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन– एसआईआर को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के विवादित बयान पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने आरोप लगाया कि श्री अंसारी बांग्लादेशी वोटरों के हितैषी बनना चाहते हैं।

साउंड बाईट– मनीष जायसवाल ऑन एसआईआर– 25 सेकेंड

वहीं बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए, जबकि बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि आज की परिस्थिति में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन बेहद जरूरी है। इससे वोटों का फर्जीवाड़ा रोकने में मदद मिलेगी।

****

पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर कल एसीबी के विशेष न्यायाधीश ओंकार नाथ चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 9 दिसंबर को सुनायेगी।

****

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 2025–27 में नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। 15 दिसंबर को औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख सोलह हजार 600 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 63 हजार पांच सौ रूपये प्रतिकिलो है।

****

रांची में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले एक दिवसीय क्रिकेट मैच को लेकर भारतीय खिलाड़ियों का आगमन जारी है। आज सुबह स्टार खिलाड़ी विराट कोहली रांची पहुंचे। वहीं रोहित शर्मा भी आज शाम तक रांची आयेंगे। इससे पहले कल तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पहुंचे।

********समाप्त********